प्रेस विज्ञप्ति

10 सितम्बर, 2023

## मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की 91वीं वार्षिक आम सभा

मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की 91वीं वार्षिक आम सभा आज दिनांक 10 सितम्बर, 2023 को डॉ. गौर हरि सिंहानिया कांफ्रेन्स हॉल में प्रातः 10:45 बजे आहूत की गई। 91वीं वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से, मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की वर्ष **2023 – 24** के लिये **श्री अभिषेक सिंहानिया - अध्यक्ष एवं श्री मयंक खन्ना जी को उपाध्यक्ष** बनाया गया।

वार्षिक आम सभा में चैम्बर की कार्यकारिणी (काउंसिल) वर्ष 2023-24 के लिये चुने गये सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैः-

1. श्री अजय कुमार सराउगी
2. श्री आकाश गोयनका
3. श्री अनिल कुमार अग्रवाल
4. श्री अनुराग लोहिया
5. श्री आशीष सिंह चौहान
6. डॉ. जे.एन. गुप्ता
7. श्री नीरज गुप्ता
8. श्री प्रेम मनोहर गुप्ता
9. श्री आर.के. अग्रवाल
10. श्री रोहित अग्रवाल
11. श्री संदीप गुप्ता
12. श्री शशांक अग्रवाल
13. श्री सुधीन्द्र कुमार जैन
14. श्री तरूण गर्ग
15. श्री विजय कुमार पांडे

**वार्षिक आम सभा की कार्रवाई के सम्बन्ध में :**

मर्चेन्ट्स चैम्बर के अध्यक्ष पद पर आसीन श्री अतुल कनोडिया जी द्वारा अपने कार्यवर्ष में सम्पादित हुये कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण पावर-प्वांइट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से देते हुए चैम्बर के समस्त पूर्व - अध्यक्षों का हृदय से आभार प्रकट किया और कहा कि आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से मैं अपना कार्यकाल चैम्बर के हित में सफल रूप से संपादित कर सका। श्री कनोडिया ने चैंबर के सदस्यों का जिन्होंने अपने व्यापार व परिवार का समय को चैम्बर के कार्य हेतु सफल योगदान दिया, आभार प्रकट किया। *आपके वक्तव्य के दौरान एक समय ऐसा भी आया जब श्री अतुल जी भावुक हो गए और आँखे नम हो गयी।* अपने आप को सँभालते हुए श्री कानोडिया ने चैम्बर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अभिषेक सिंघानिया जी, उपाध्यक्ष श्री मयंक खन्ना जी, तथा काउंसिल मेम्बरों को शुभकामनाएं प्रेषित की और साथ ही मर्चेंटस चैम्बर के कार्य हेतु सदैव उपलब्ध रहने के लिए अपने को प्रस्तुत किया।

**श्री अभिषेक सिंहानिया जी, अध्यक्ष,** मर्चेंट्स चैम्बर ने श्री अतुल जी को उनके सफलतम दो कार्यवर्ष के लिए सहृदय धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने कार्यकाल में चैम्बर ने कई ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं जो हमारे चैम्बर की परिपाटी में एक अनूठे रिकॉर्ड एवं मानक के रूप में स्थापित रहेगा। आपके लिए कार्यकाल में चैम्बर ने जमीनी स्तर पर सदैव सक्रिय रूप से कार्यरत रहने के साथ - साथ एक नयी ऊँचाइयों को प्राप्त किया। श्री सिंहानिया जी ने कहा कि वह अपने कार्यवर्ष में चैम्बर के पूर्व अध्यक्षों द्वारा किये गए महान कार्यो को आदर्श मानते हुए चैम्बर को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का आश्वासन दिया जिसके लिए पूर्व अध्यक्षों का

आशीष, उपाध्यक्ष श्री मयंक खन्ना, कौंसिल मेंबर तथा चैम्बर के सदस्यगण का सदैव सहयोग चाहिए होगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों को श्री अभिषेक जी ने आभार प्रकट किया।

**श्री मयंक खन्ना जी उपाध्यक्ष**, मर्चेंट्स चैम्बर, ने, चैम्बर को उनको उपाध्यक्ष के तौर पर चुने जाने के लिए धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि वह उनको दिए गए दायित्व को निभाने की पूरी कोशिश करेंगे।

सभा का संचालन करते हुए **चैम्बर के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी** ने सदस्यों को 1934 में नवासी वर्ष पूर्व चैम्बर के संस्थापक लाला कमलापत जी सिंहानिया ने आम सभा को सम्बोधित करते हुए जो वक्तव्य दिया था। उसके एक छोटे से अंश को सुनाया जो "रेलवे द्वारा कॉटन एवं कोयले की माल ढुलाई से सम्बंधित दरों के बारे में है जिससे कि कानपुर के उद्योग को महाराष्ट्र एवं गुजरात में लगे हुए उद्योगों के मुकाबले में क़ाफी नुकसान उठान पड़ता था क्योंकि कपडे का Raw material कॉटन और एनर्जी का Raw material कोयला होने के कारण Cost of finished goods बढ़ती थी।"
1934 में भारत सरकार ने कोयले के भाड़े में सरचार्ज 15 से 12.50% किया गया था, जिसकी वजह से जो कोयला बंगाल कोलफील्ड से बॉम्बे व अहमदाबाद जाता था. उनको Rs. 1 /- per ton व Rs. 1/8 /- प्रति टन का फायदा हुआ तथा बंगाल कोल फील्ड से जो कोयला कानपुर जाता था, कानपुर के उद्योगपतियों को 1 आने से 2 आने का फायदा हुआ। ठीक इसी तरह नवसारी से कोलकता जो कि 1169 मील दूरी पर था, वहाँ पर रेलवे भाड़ा, प्रति मन Rs. 2-1-9 था और कानपुर जो कि 631 माइल्स पर था, के लिए वही भाड़ा Rs. 2-8-9 था। इसी प्रकार Broach से कोलकाता 1191 मील होने पर रूपये 2-4-7 प्रति मन था और ब्रोच से कानपुर 761 माइल्स तक का किराया 2-5-4 प्रति मन था। इसी अनुक्रम में श्री मोदी ने सूचित किया कि खाने वाला तेल Raw Form में कांडला पोर्ट से कानपुर तक आता है तो उसका किराया रेलवे द्वारा 2064.25 प्रति मैट्रिक टन (P.M.T.) लिया जाता है और यही खाने वाला तेल Refind रूप में आता है तो रेलवे द्वारा किराया 1003.95 P.M.T. लिया जाता है जिसकी वजह से कानपुर के उद्योगों को कांडला पोर्ट में लगे हुए उद्योगों के तुलना में नुकसान उठाना पड़ता है । इस मैटर को सुलझाने के लिए चैम्बर द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से तथा सीधे रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखकर समाधान निकालने का प्रयास आपके चैम्बर द्वारा किया जा रहा है।

वार्षिक आम सभा के अन्त में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. जे. एन. गुप्ता जी ने देते हुए चैम्बर के नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नए कौंसिल सदस्यों को आशीष दिया।

इस अवसर पर डॉ. आर. जी. बागला, डॉ. आई.एम. रोहतगी, श्री मुकुल टंडन, श्री विजय पांडेय, श्री आर. के. अग्रवाल, श्री आशीष चौहान, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, श्री विमल झाझरिया, श्री योगेश दुबे, श्री अनिल कुमार सक्सेना, श्री अनुराग कपूर, श्री नजम हमराज, श्री नरेंद्र डालमिया, श्री संजय त्रिवेदी एवं श्रीमती साक्षी भरतिया और चैम्बर के अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।